# आदिवासी बस्ती बिजली-पानी और सड़क के लिये मोहताज

**खास बातें**

- पानी, सड़क और बिजली जैसी समस्याओं से जूझ रहे ग्रामीण
- योजनाओं के लाभ में भेदभाव के आरोप





**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा 20 मई,** अनुविभागीय राजस्व दंडाधिकारी अनुभा जैन की जनसुनवाई में इन दिनों ग्रामीण क्षेत्रों से जल संकट और मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर बड़ी संख्या में शिकायतें पहुंच रही हैं. खासतौर पर आदिवासी बाहुल्य गांवों के लोगों ने पानी, सड़क, बिजली और शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित किए जाने की समस्या उठाई है.

ग्रामीणों का आरोप है कि जिन गांवों में प्रभावशाली लोग रहते हैं, वहां सड़क, नल-जल योजना और अन्य विकास कार्य कराए जा रहे हैं, जबकि गरीब एवं आदिवासी बस्तियां उपेक्षा का शिकार बनी हुई हैं. मेहनत-मजदूरी करने वाले गरीब परिवारों तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं पहुंच पा रहा है. ग्राम खोगरा सहित उदयपुर क्षेत्र के आसपास बसे आदिवासी गांवों में पेयजल संकट विकराल रूप ले चुका है. कई स्थानों पर नल-जल योजनाएं बंद पड़ी हैं, हैंडपंप खराब हैं और लोग बूंद-बूंद पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं. ग्रामीणों का कहना है कि कहीं पाइपलाइन क्षतिग्रस्त पड़ी है तो कहीं बिजली कनेक्शन कटे होने से योजनाएं ठप हैं.

### एसडीएम कर रहीं जांच

एसडीएम अनुभा जैन एवं तहसीलदार द्वारा मामलों की जांच-पड़ताल की जा रही है. वहीं ग्रामीणों ने मांग की है कि आदिवासी गांवों का निष्पक्ष सर्वे कराया जाए, ताकि वास्तविक हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंच सके और भ्रष्टाचार का खुलासा हो सके. ग्रामीणों का कहना है कि कागजों में आदिवासियों को सुविधाएं मिलने के दावे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे अलग है. उन्होंने शासन और प्रशासन से मांग की है कि गरीबों और आदिवासी परिवारों की समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान देते हुए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं.

### गांवों में दलाल सक्रिय

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि नल-जल योजना भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी की भेंट चढ़ गई है. कई जगह अधूरे निर्माण कार्य छोड़ दिए गए हैं. जिन ठेकेदारों को कार्य दिया गया, उनके पास अनुभव तक नहीं था. ऐसे में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और भुगतान प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच की मांग उठने लगी है.क्षेत्र के लोगों का कहना है कि आदिवासियों को शासन द्वारा दिए गए कृषि भूमि पट्टों पर भी प्रभावशाली लोगों ने कब्जा जमा लिया है. कई गरीब परिवारों को कानूनी प्रक्रिया में उलझाकर उनकी जमीन बेहद कम कीमत पर खरीद ली गई. कुछ ग्रामीणों ने गांव छोड़ने तक की बात कही है.ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि गांवों में दलाल सक्रिय हैं, जो आदिवासियों से हस्ताक्षर और अंगूठा लगवाकर योजनाओं का लाभ स्वयं ले रहे हैं. उनका कहना है कि ऐसे लोगों के प्रभाव के चलते गरीबों की आवाज दब जाती है.

# एक करोड़ की चोरी का फरार आरोपी गिरफ्तार

**त्योंदा पुलिस ने सेमरा बहादुरपुर से दबोचा**



**नवभारत न्यूज**
**त्योंदा. लंबे समय से फरार चल रहे रायखेड़ी में हुई करीब एक करोड़ रुपये की चोरी के आरोपी को त्योंदा पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. पुलिस ने आरोपी को सेमरा बहादुरपुर क्षेत्र से पकड़कर उसके कब्जे से सोना, नगदी, हथियार और मोटरसाइकिल बरामद की है.**

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान अमन पटेल उम्र 26 वर्ष के रूप में हुई है. आरोपी काफी समय से पुलिस से बचकर फरार चल रहा था. मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार किया.

पुलिस ने आरोपी के पास से करीब 30 ग्राम सोना, 50 हजार रुपये नगद, एक देसी कट्टा तथा एक राइडर मोटरसाइकिल बरामद की है. जब्त सामग्री की कुल कीमत लगभग 5 लाख 50 हजार रुपये आंकी गई है.पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अन्य कई अपराधों में भी संलिप्तता स्वीकार की है. पुलिस अब उससे जुड़े अन्य मामलों की जांच में जुटी हुई है.गिरफ्तार आरोपी अमन पटेल को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है. पुलिस का कहना है कि मामले में आगे भी महत्वपूर्ण खुलासे हो सकते हैं.

### व्यावसायिक शिक्षा से छात्राएं बन रहीं आत्मनिर्भर

**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई.** शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय कुरवाई में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित ट्रेडों के माध्यम से छात्राओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है. विद्यालय में प्राचार्य राकेश कुमार चौबे के मार्गदर्शन में ब्यूटी एंड वेलनेस तथा हेल्थकेयर ट्रेड का सफल संचालन किया जा रहा है. इन दोनों ट्रेडों के माध्यम से छात्राओं को व्यवहारिक एवं तकनीकी ज्ञान देकर आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तैयार किया जा रहा है.ब्यूटी एंड वेलनेस ट्रेड में व्यावसायिक प्रशिक्षक प्रतिभा कुर्मी द्वारा छात्राओं को नियमित रूप से ओजीटी ऑन जॉब ट्रेनिंग कराई जा रही है. इसके अंतर्गत 6 मई से प्रारंभ हुई 20 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में छात्राओं को वामा ब्यूटी पार्लर में प्रशिक्षित किया जा रहा है.

# सांची सहित क्षेत्र में दवा विक्रेताओं का भारत बंद सफल रहा

**ऑल इंडिया केमिस्ट एंड ड्रजिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर बंद रहे मेडिकल स्टोर**

**नवभारत न्यूज**
**सांची,ऑल इंडिया केमिस्ट एंड ड्रजिस्ट एसोसिएशन के आह्वान पर आयोजित भारत व्यापी बंद का असर मध्य प्रदेश के विभिन्न शहरों के साथ-साथ सांची क्षेत्र में भी स्पष्ट रूप से देखने को मिला. सांची, सलामतपुर, दीवानगंज सहित आसपास के क्षेत्रों में दवा विक्रेताओं ने अपने प्रतिष्ठान पूर्णतः बंद रखकर बंद को सफल बनाया.**

क्षेत्र के सभी मेडिकल स्टोर दिनभर बंद रहने से लोगों को आवश्यक दवाएं लेने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा. कई मरीज एवं उनके परिजन दवा दुकानों के चक्कर लगाते रहे, लेकिन मेडिकल स्टोर बंद होने के कारण उन्हें निराश लौटना पड़ा. विशेष रूप से बुजुर्गों एवं नियमित दवाइयों पर निर्भर मरीजों को अधिक परेशानी झेलनी पड़ी.

दवा विक्रेताओं का कहना है कि विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर संगठन द्वारा यह भारत बंद आयोजित किया गया था, जिसमें क्षेत्र के सभी व्यापारियों ने एकजुटता दिखाते हुए समर्थन दिया. बंद के दौरान सांची क्षेत्र में अधिकांश मेडिकल प्रतिष्ठान पूरी तरह बंद रहे और व्यापारियों ने प्रदेश व्यापी आंदोलन को सफल बनाने में सहभागिता निभाई.दवा दुकानों के बंद रहने से आमजन की परेशानियां बढ़ीं, वहीं दवा व्यापारियों की एकजुटता भी खुलकर सामने आई.

### मनुष्य जीवन आत्मकल्याण का महत्वपूर्ण अवसर

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा.** श्री शांतिनाथ जिनालय स्टेशन जैन मंदिर में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री उद्यमसागर महाराज ने कहा कि मनुष्य जीवन अत्यंत दुर्लभ है और इसे विषय-विकारों में न गंवाकर आत्मा की पहचान एवं आत्मकल्याण में लगाना चाहिए. उन्होंने कहा कि सत्संग, श्रद्धा और पूर्व जन्मों के शुभ संस्कार ही मनुष्य को धर्ममार्ग की ओर अग्रसर करते हैं. गुरुओं का सान्निध्य, धर्म के संस्कार और सम्यक मार्ग सहज में प्राप्त नहीं होते, बल्कि यह अनंत पुण्यों का परिणाम हैं.

### आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य जारी एक दिन में 198 कार्ड बनाए गए

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** प्रभारी कलेक्टर अनिल कुमार डामोर ने निर्देशित किया है कि पात्रता धारी हितग्राहियों के शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य जिले में शीघ्र संपादित किया जाए. इसके लिए जिले में विशेष शिविरों के साथ साथ सार्वजनिक स्थलों, शासकीय आयोजनों पर तथा सभी शासकीय अस्पतालों के साथ साथ निजी चिकित्सालयों में उक्त कार्य कराने के प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं. मंगलवार जिले में विभिन्न विकासखंडों में आयुष्मान कार्ड निर्माण अभियान के तहत कुल 198 कार्ड बनाए गए. पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार विभिन्न श्रेणियों में कार्ड निर्माण की प्रगति दर्ज की गई है. प्राप्त आंकड़ों के अनुसार नटेरन विकासखंड में सर्वाधिक 68 कार्ड बनाए गए, जबकि बासौदा में 53, ग्यारसपुर में 25, विदिशा में 18, कुरवाई में 27 तथा सिरोंज में 2 कार्ड बनाए गए. कुरवाई विकासखंड में बनाए गए कार्डों में 10 पीवीटीजी एवं 17 अन्य श्रेणी के हितग्राही शामिल रहे.

# कुरवाई पुलिस का अवैध शराब तस्करों पर बड़ा प्रहार

**तीन आरोपी गिरफ्तार 49 लीटर अवैध देशी शराब जप्त**

**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई. जिले में अवैध शराब तस्करी के खिलाफ विदिशा पुलिस का अभियान लगातार जारी है. पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देश पर कुरवाई पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से कुल 49 लीटर अवैध देशी शराब जप्त की गई है, जिसकी अनुमानित कीमत 27 हजार 700 रुपये बताई गई है.**

एडिशनल एसपी डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी कुरवाई रोशनी सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कुरवाई द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया. पुलिस टीम ने ग्राम छीरखेड़ा और खिरिया भौरासा रोड क्षेत्र में मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर कार्रवाई की.पहली कार्रवाई में पुलिस ने ग्राम छीरखेड़ा निवासी भुजवल वाल्मीकि उम्र 60 वर्ष को गिरफ्तार किया. आरोपी के कब्जे से 6 लीटर अवैध देशी शराब जप्त की गई. इस मामले में अपराध क्रमांक 257/26 दर्ज कर करीब 3 हजार 500 रुपये की शराब जब्त की गई.दूसरी कार्रवाई भी छीरखेड़ा क्षेत्र में की गई, जहां पुलिस ने सजन सिंह दांगी उम्र 40 वर्ष को गिरफ्तार किया. तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 7 लीटर अवैध देशी शराब बरामद हुई. पुलिस ने अपराध क्रमांक 258/26 दर्ज कर करीब 3 हजार 200 रुपये की शराब जप्त की.वहीं तीसरी और सबसे बड़ी कार्रवाई खिरिया भौरासा रोड पर की गई. यहां पुलिस ने वार्ड क्रमांक 1 कुरवाई निवासी रामबाबू शर्मा उम्र 31 वर्ष को पकड़कर उसके कब्जे से 36 लीटर अवैध देशी शराब बरामद की. पुलिस ने अपराध क्रमांक 259/26 दर्ज कर करीब 21 हजार रुपये की शराब जब्त की है.तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है.इस कार्रवाई में निरीक्षक आर.के. मिश्रा, सउनि शंकर दयाल, सउनि शिवशंकर यादव, प्रधान आरक्षक वसंत शाक्य, आरक्षक महेंद्र लोधी एवं आरक्षक गोपाल की महत्वपूर्ण भूमिका रही.पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में नशामुक्त वातावरण बनाने एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा.

# बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओ योजना की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**लिंगानुपात 913 से बढ़कर 924 पहुंचा**

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा, बेटी बचाओ बेटी बढ़ाओ योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन बेतवा सभा कक्ष में अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ. बैठक में योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए.**

बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा योजना की वर्तमान स्थिति एवं उपलब्धियों की जानकारी दी गई. उन्होंने बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य बालिका लिंगानुपात में सुधार लाना, बालिकाओं को शिक्षा एवं सुरक्षा उपलब्ध कराना तथा समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना है. उन्होंने बताया कि जिले में पूर्व वर्ष बालक-बालिका लिंगानुपात 913 था, जो विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों से बढ़कर वर्तमान में 924 हो गया है. इसे जिले की महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है.बैठक में अपर कलेक्टर द्वारा संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि जिले में हृष्ट रजिस्ट्रेशन शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए तथा गर्भवती महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच कराई जाए. साथ ही प्राथमिक से माध्यमिक स्तर तक बालिकाओं का 100 प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने एवं ड्रॉपआउट रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए.किशोरी बालिकाओं को माहवारी स्वच्छता, पोषण, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के प्रति जागरूक करने हेतु विद्यालयों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों पर नियमित जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने पर भी जोर दिया गया.बैठक में बाल विवाह रोकथाम, बालिकाओं की सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, स्कूलों में स्वच्छ शौचालय व्यवस्था, पोषण अभियान तथा जनजागरूकता कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर विस्तृत चर्चा की गई.इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे.

# 44 डिग्री के पार पहुंचा तापमान, भीषण गर्मी से लोग बेहाल

**लू की चपेट में आ रहे लोग, अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की संख्या**



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा, उदयपुर क्षेत्र सहित आसपास के इलाकों में भीषण गर्मी ने लोगों का जनजीवन प्रभावित कर दिया है. तापमान 44 डिग्री के पार पहुंचने से हवा में भारी गर्माहट महसूस की जा रही है और लू के थपेड़ों से लोग परेशान हैं. दोपहर के समय सड़कों पर सन्नाटा पसरा नजर आ रहा है, जबकि अस्पतालों में गर्मी और लू से पीड़ित मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है.**

स्थानीय लोगों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार हो रही पेड़ों की कटाई के कारण पर्यावरण संतुलन बिगड़ गया है, जिसका असर अब साफ तौर पर दिखाई देने लगा है. खासतौर पर नीम, पीपल, इमली जैसे बड़े और छायादार वृक्षों की कमी के चलते गर्मी का प्रभाव अधिक महसूस हो रहा है.

ग्रामीणों ने उदयपुर क्षेत्र की पत्थर खदानों को भी बढ़ती गर्मी का एक कारण बताया है. लोगों का कहना है कि खदानों से निकलने वाली गर्म भाप और धूल वातावरण को और अधिक गर्म बना रही है.पर्यावरण को लेकर भी लोगों में नाराजगी दिखाई दे रही है. क्षेत्रवासियों का आरोप है कि कई लोग केवल छोटे पौधे लगाकर फोटो खिंचवाने तक सीमित हैं और खुद को पर्यावरण प्रेमी बताकर औपचारिकताएं पूरी कर रहे हैं. लोगों का कहना है कि बड़े और दीर्घकालिक छायादार वृक्षों के रोपण पर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया जा रहा.

नागरिकों ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से क्षेत्र में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाने, विशेष रूप से नीम, पीपल और इमली जैसे पारंपरिक वृक्ष लगाने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की है.

# 42 डिग्री तापमान ने बढ़ाई दहशत

**नवभारत न्यूज**
**सांची.** लगातार बढ़ते तापमान ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया है. भीषण गर्मी जहां लोगों के स्वास्थ्य पर असर डाल रही है, वहीं अब जहरीले जीव-जंतु भी अपने बिल छोड़ बाहर निकलने लगे हैं. तापमान 42 डिग्री तक पहुंचने के बाद सांप, बिच्छू और अन्य जहरीले कीड़े ठंडे स्थानों की तलाश में घरों, दुकानों और सार्वजनिक स्थानों तक पहुंचने लगे हैं, जिससे नगरवासियों में भय का माहौल बन गया है.

जानकारी के अनुसार इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी के कारण जहरीले जीवों की गतिविधियां तेजी से बढ़ गई हैं. सोमवार को इसका एक खतरनाक उदाहरण बस स्टैंड परिसर में देखने मिला, जहां एक जहरीला गोहरा अचानक एक दुकान में घुस गया. गोहरे को देखते ही दुकान संचालक सहित आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया. करीब तीन घंटे तक चले प्रयासों के बाद बड़ी मशक्कत से उसे बाहर निकाला जा सका. इसके बाद वह पास के दूसरे बिल में जाकर छिप गया.

# प्रतिभाओं का उत्सव बना समर कैंप 'ओलम्पिया'

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा. ओलम्पस हाई सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा आयोजित 20 दिवसीय समर कैंप 'ओलम्पिया' का समापन 20 मई को उत्साह, उमंग और रंगारंग प्रस्तुतियों के बीच भव्य रूप से सम्पन्न हुआ. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी आईपीएस रहे.**

मुख्य अतिथि रोहित काशवानी ने बच्चों की प्रतिभाओं की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेल, कला और अन्य गतिविधियाँ बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं. उन्होंने बच्चों को अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास करते रहने की प्रेरणा दी तथा अभिभावकों से बच्चों को एक्स्ट्रा करिकुलर गतिविधियों से लगातार जोड़ने का आग्रह किया.समापन समारोह में बच्चों ने डांस, म्यूजिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से ऐसा समां बांधा कि उपस्थित अभिभावक और अतिथि मंत्रमुग्ध हो गए. कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया.विद्यालय संचालक मोहित रघुवंशी ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल अकादमिक शिक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उन्हें खेल, कला और रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ना भी है. उन्होंने बताया कि 'ओलम्पिया' समर कैंप में विदिशा सहित अन्य शहरों से आए 81 से अधिक बच्चों ने स्विमिंग, क्रिकेट, स्केटिंग, बैडमिंटन, फुटबॉल, आर्ट एंड क्राफ्ट, डांस और म्यूजिक जैसी विभिन्न विधाओं में प्रशिक्षण प्राप्त किया.

# मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना - द्वारका-सोमनाथ यात्रा हेतु प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण

**नवभारत न्यूज**
**विदिशा,** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजनांतर्गत द्वारका-सोमनाथ तीर्थ यात्रा के लिए जिला विदिशा से 196 यात्रियों का लक्ष्य अनुसार चयन किया गया है. तीर्थ यात्री 27 मई को रवाना होकर 2 जून को वापस विदिशा पहुंचेगी. यात्रियों की यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं सुविधाजनक बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक तैयारियां की गई हैं.

यात्रियों को विदिशा रेलवे स्टेशन से व्यवस्थित रूप से रवाना कराने, आरक्षित रेल टिकटों का वितरण करने तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संचालन हेतु श्री अजय पाठक, तहसीलदार नगरीय तहसील विदिशा को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है. उनके सहयोग के लिए विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित स्थानों पर लगाई गई है.

एसडीएम क्षितिज शर्मा ने कहा कि तीर्थ यात्रियों की सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी न रहे.

**परेशानी** | **बेतवा नदी में बड़ी संख्या में मिलीं मरी मछलियां**

# प्रदूषित पानी और बदबू से नागरिक परेशान, मछलियों की मौत के कारणों की जांच की मांग



**नवभारत न्यूज**
**गंजबासौदा. जीवनदायिनी बेतवा नदी को स्वच्छ बनाए रखने के लिए नगर के पर्यावरण प्रेमी एवं बेतवा बचाओ अभियान समिति के सदस्य लगातार सफाई अभियान चला रहे हैं. समिति के सदस्य कर्मचारियों के सहयोग से नदी के अंदर जमा गंदगी और कूड़ा-कचरा निकाल रहे हैं, ताकि लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो सके. लेकिन अब बेतवा नदी में बड़ी संख्या में मरी हुई मछलियां मिलने से लोगों की चिंता बढ़ गई है.**

नदी के कई हिस्सों में सड़ी-गली मछलियां पानी में पड़ी दिखाई दे रही हैं, जिससे पानी प्रदूषित हो रहा है और आसपास बदबू फैल रही है. नागरिकों का कहना है कि नदी के पानी से दुर्गंध आ रही है और स्वच्छ पानी नहीं मिल पा रहा है.नगर पालिका परिषद द्वारा लोगों को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं. साथ ही यह पता लगाने की कोशिश भी की जा रही है कि आखिर बेतवा नदी में मछलियां क्यों मर रही हैं. आशंका जताई जा रही है कि कहीं किसी जहरीले पदार्थ के कारण तो मछलियों की मौत नहीं हो रही.स्थानीय लोगों ने चिंता जताई है कि यही मछलियां बाजार में बिक्री के लिए पहुंच रही हैं, जिससे लोगों के स्वास्थ्य पर भी खतरा मंडरा सकता है. नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते स्थिति पर नियंत्रण नहीं किया गया तो कोई बड़ी घटना हो सकती है.लोगों ने यह भी बताया कि खेतों में उपयोग होने वाली जहरीली कीटनाशक दवाइयां बारिश और पानी के बहाव के साथ बेतवा नदी में पहुंच रही हैं. खासतौर पर नदी किनारे स्थित किछवाड़े क्षेत्रों में विशेष निगरानी और जांच की आवश्यकता महसूस की जा रही है.नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि बेतवा नदी के पानी की गुणवत्ता की जांच कराई जाए तथा मछलियों की मौत के वास्तविक कारणों का पता लगाकर आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों को स्वच्छ और सुरक्षित पानी मिल सके.

# भीषण गर्मी में छात्रों को मिली राहत




**नवभारत न्यूज**
**कुरवाई. शासकीय महाविद्यालय कुरवाई में छात्र सुविधाओं का विस्तार करते हुए कॉलेज प्रशासन और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अभाविप के संयुक्त प्रयासों से परिसर में नया वाटर कूलर स्थापित किया गया है. छात्रहित में उठाए गए इस कदम से लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या का समाधान हो गया है.**

अभाविप के नगर मंत्री वेदांत जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि भीषण गर्मी के दौर में विद्यार्थियों के लिए स्वच्छ और ठंडे पेयजल की अत्यंत आवश्यकता महसूस की जा रही थी. छात्रों की इस समस्या को ध्यान में रखते हुए अभाविप कार्यकर्ताओं ने कॉलेज प्रशासन को अनुरोध पत्र सौंपकर वाटर कूलर लगाने की मांग की थी. कॉलेज प्रशासन ने विद्यार्थियों की सुविधा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए संवेदनशीलता एवं तत्परता दिखाई. प्राचार्य एवं प्रबंधन ने मामले की गंभीरता को समझते हुए अभाविप की मांग को स्वीकार किया और परिसर में आधुनिक वाटर कूलर स्थापित कराया.नई सुविधा शुरू होने से छात्र-छात्राओं में उत्साह और खुशी का माहौल है. नगर मंत्री वेदांत जैन ने छात्रहित में सहयोगात्मक और सकारात्मक रवैया अपनाने के लिए शासकीय महाविद्यालय कुरवाई के प्राचार्य एवं समस्त कॉलेज प्रशासन का आभार व्यक्त किया.उन्होंने कहा कि जब प्रशासन और छात्र संगठन मिलकर कार्य करते हैं तो परिसर का वातावरण और अधिक बेहतर बनता है.